# एक रेलसफर की बात

## स्वाध्याय

### परिच्छेद 1


**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 19 पर दी गई पंक्तियाँ (1 से 16 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[भारतीय ......................**

**.............................. स्वर्ग था!]**

आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:





उत्तर: 1. जेलसफर 2. खेलसफर

**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. काशीयात्रा 2. जगन्नाथपुरी

कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:





उत्तर: 1. टिकटखिड़की पर कतार नहीं होती थी।

2. डिब्बे में भीड़ नहीं होती थी।

3. भीड़ में चोर-उचक्कों का डर नहीं होता था।

4. डिब्बे में मौजूद अन्य यात्री बहुत सहयोग करते थे।

कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. भारतीय रेल उन दिनों परियों के देश की रेल थी।

2. रेल सचमुच उड़नखटोले का आनंद देती थी।

**कृ.5. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:**
1. जब हम गँवार थे।
2. जब हमारा विकास नहीं हुआ था।
3. कपड़ों में जीन्स नहीं आई थी।
4. आँखों पर गॉगल नहीं चढ़ा था।
5. नहाने में सामान्य साबुन का इस्तेमाल होता था।
6. चेहरे क्रीमपावडर से चिकने नहीं थे।
7. होठों पर अंग्रेजी नहीं थी।
8. पानी पाउचों में नहीं बल्कि सुराहियों में आजाद था।

**कृ.6. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. लेखक के अनुसार उन दिनों रेल सचमुच इसका आनंद देती थी। [ ]
2. टी.वी. पर चढ़कर यह अपनी तारीफ में जमकर चिल्लाते। [ ]
3. पाउचों में यह कैद नहीं था। [ ]
4. सादगी में जब यह था तबके दिन हवा हो गए। [ ]

**उत्तर:** 1. उड़नखटोले 2. ऊँचे साबुन
3. पानी 4. स्वर्ग

**कृ.7. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. पिता जी बिस्तर बाँधते और माँ को ले फौरन ________ यात्रा पर चल पड़ते।

(वांछित, तीर्थ, लंबी)

2. ज्ञानभरी बातें जिसके नीचे ________ मर गई हैं।

(दबकर, पिसकर, घुटकर)

**उत्तर:** 1. वांछित 2. दबकर

**कृ.8. संगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. भारतीय रेल उन दिनों परियों / राजकुमारियों के देश की रेल थी।
2. हमारा विकास / उन्नति नहीं हुआ था।

**उत्तर:** 1. परियों 2. विकास

**कृ.9. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. भारतीय रेल आज परियों के देश की रेल है। [ ]
2. रेलसफर तब खेलसफर था, जब हम गँवार थे। [ ]

3. सुराही तेजी से प्यार के साथ चलती थी। [ ]

4. वे दिन हवा हो गए जब सादगी में स्वर्ग होता था। [ ]

**उत्तर:** 1. असत्य 2. सत्य

3. असत्य 4. सत्य

**कृ.10. निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. पाउचों की तरह उसके प्रति ऐसा सलूक नहीं था।
2. टी.वी. पर चढ़ अपनी तारीफ में इतना चिल्लाता।
3. लाइए, वह सामान मुझे दीजिए।
4. हमारा विकास नहीं हुआ था।

**उत्तर:** 1. लाइए, वह सामान मुझे दीजिए।

2. हमारा विकास नहीं हुआ था।
3. टी.वी. पर चढ़ अपनी तारीफ में इतना चिल्लाता।
4. पाउचों की तरह उसके प्रति ऐसा सलूक नहीं था।

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सफर | 2. | अधर |
| 3. | स्नान | 4. | बर्ताव |

उत्तर: 1. यात्रा 2. होठ

3. नहाना 4. सलूक

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | गुलाम | 2. | शिक्षित |
| 3. | नर्क | 4. | अवांछित |

उत्तर: 1. आजाद 2. गँवार

3. स्वर्ग 4. वांछित

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डिब्बा | 2. | उचक्का |
| 3. | आँख | 4. | चेहरा |

उत्तर: 1. डिब्बे 2. उचक्के

3. आँखें 4. चेहरे

**कृ.4. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ल | गा | गॉ | गं | ग | गी | |
| 2. | न | ग्रे | रा | अं | गा | जी | |
| 3. | क | रा | सु | र | व | ट | ही |
| 4. | त | द | गी | वा | सा | व | |

उत्तर: 1. गॉगल 2. अंग्रेजी

2. सुराही 4. सादगी

**कृ.5. शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. जगनाथपुरी, जगन्नथपुरी, जगन्नाथपुरी, जगन्‌नाथपुरी
2. चिल्‌लाती, चिल्लाति, चिलाती, चिल्लाती
3. सुराहि, सुराही, सुरही, शुराही
4. सलूक, शलूक, सलुक, षलूक

**उत्तर:** 1. जगन्नाथपुरी 2. चिल्लाती

3. सुराही 4. सलूक

**कृ.6. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ बताकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

हवा होना

**उत्तर:** **हवा होना** – गायब हो जाना।

**वाक्य:**आज के इस दौर में दोस्ती के लिए मर-मिटने वाली भावनाएँ **हवा हो गईं** हैं।

**कृ.7. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुन: लिखिए:**

आइए भाई साहब आइए पधारिए लाइए वह सामान मुझे दीजिए कहाँ तशरीफ ले जा रहे हैं अजी ऐसे सिकुड़कर मत बैठिए

**उत्तर:** "आइए भाई साहब, आइए, पधारिए। लाइए, वह सामान मुझे दीजिए। कहाँ तशरीफ ले जा रहे हैं? अजी! ऐसे सिकुड़कर मत बैठिए।"

**कृ.8. निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. आनंद          2. सामान्य

**उत्तर:** 1. सद् + आनंद = सदानंद

2. अ + सामान्य = असामान्य

**कृ.9. निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. विकास          2. गँवार

**उत्तर:** 1. विकास + शील = विकासशील

2. गँवार + ऊ = गँवारू

**कृ.10. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के अव्यय भेद पहचानकर लिखिए:**

1. माँ कहती मुझे काशीयात्रा करनी है <u>या</u> कहती जगन्नाथपुरी जाना है।
2. <u>हाय!</u> वे दिन हवा हुए जब सादगी में स्वर्ग था।

**उत्तर:** 1. या – समुच्चयबोधक अव्यय

2. हाय! – विस्मयादिबोधक अव्यय

**कृ.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. भारतीय रेल उन दिनों परियों के देश की रेल थी।
2. कपड़ों में जीन्स नहीं आई थी।

**उत्तर:** 1. परियों, देश, रेल

2. कपड़ों, जीन्स

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्य में से संज्ञाएँ, सर्वनाम, विशेषण तथा क्रियाएँ छाँटकर लिखिए:**

1. यह उन दिनों की बात है जब हम गँवार थे

**उत्तर:**

| संज्ञा | सर्वनाम | क्रिया | विशेषण |
|---|---|---|---|
| बात, दिनों | यह, हम | थे (होना) | उन, गँवार |

**कृ.13.कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन करके वाक्य पुन: लिखिए:**

1. परियों के देश का उड़नखटोला होता है।

(पूर्ण भूतकाल)

2. आँखों पर गॉगल नहीं चढ़ा था।

(सामान्य भविष्यकाल)

**उत्तर:** 1. परियों के देश का उड़नखटोला था।

2. आँखों पर गॉगल नहीं चढ़ेगा।

**क्र.14. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. ठाठ 2. हौले-हौले

**उत्तर:** 1. राम बड़े **ठाठ** से अपना नया बल्ला कंधे पर रखकर दोस्तों की ओर बढ़ा।

2. दूर-दराज के पिछड़े हुए गाँवों में भी मोबाइल **हौले-हौले** पहुँच जाएगा।

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**क्र.1. भारतीय रेल परियों के देश की रेल थी, ऐसा लेखक ने क्यों कहा है?**

**उत्तर:** जब देश में रेल प्रारंभ हुई थी, तब रेल सफर जेलसफर नहीं खेलसफर था। उन दिनों न तो लोग बहुत ज्यादा यात्राएँ करते थे और न ही रेलों में इतनी भीड़ होती थी। भीड़ कम होने के कारण डिब्बे में प्रवेश करते ही, लोग स्वागत करते थे। सामान रखने में यात्री एक-दूसरे की मदद करते थे और आग्रह करके बिठाते थे। आज की तरह किसी को सिकुड़कर बैठने की जरूरत नहीं पड़ती थी। खाली सीटों के कारण ट्रेन चलते समय उड़नखटोले का आभास दिलाती थी। ऐसी रेल में सफर करने से सफर का आनंद आता था, इसलिए लेखक का कहना है कि भारतीय रेल परियों के देश की रेल थी।

## स्वमत अभिव्यक्ति

**क्र.1. अपने किसी रोचक अथवा यादगार रेलसफर की जानकारी दीजिए।**

**उत्तर:** गत वर्ष मैं अपने एक मित्र व उसके परिवार के साथ गाँव जा रहा था। ट्रेन में एक व्यक्ति भी सवार था। उसके साथ दो शरारती बच्चे भी थे। वे दोनों सफर के दौरान अपने पिता से ट्रेन के बारे में तरह-तरह के सवाल पूछ रहे थे, जैसे – ट्रेन किसने बनाई, इसे कौन चलाता है, ट्रेन चलती अथवा रुकती कैसे है इत्यादि। इसी बीच उन्होंने ट्रेन में मौजूद चेन के बारे में भी पूछा। पिता ने उन्हें समझाया कि इसे खींचने से ट्रेन रुक जाती है, लेकिन इसे तब खींचते है जब कोई आपातकालीन परिस्थिति होती है। काफी देर की यात्रा के बाद जब पिता सो गए, तो कौतुहलवश दोनों बच्चों ने ट्रेन की चेन खींच ली। ट्रेन रुक गई। कुछ ही देर में डिब्बे में गार्ड पहुँच गए और उन्होंने जब पूछताछ की तो दोनों बच्चों की पोल खुल गई। पिता ने गार्डों को समझाया, लेकिन उन्होंने जुर्माना वसूलकर ही दम लिया। जब ट्रेन वापस चल पड़ी तो पिता ने अपने बच्चों को जमकर डाँट लगाई।

## परिच्छेद 2

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 19, 20 पर दी गई पंक्तियाँ (17 से 38 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[तब रेलगाड़ियाँ ......................**

**........................... के दर्शनों के लिए।]**

आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:

लेखक के अनुसार पहले ऐसी जाति की रेलगाड़ियाँ पैदा नहीं हुई थीं

(1) (2) (3)

उत्तर: 1. सुपर 2. डीलक्स

3. राजधानी

**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**

(1) (2)

**गाड़ी की ओर लपकने पर गाड़ी ने सामान्य आदमी से कहा ...**


(4) (3)

**उत्तर:** 1. अरे अरे, यह क्या करते हो!

2. किधर घुसे जा रहे हो!

3. तुम सामान्य आदमी हो और मैं तुम्हारे लिए नहीं हूँ।
4. मेरा नाम राजधानी है।

**क्र.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. जामनेर 2. रावेर
3. पाचोरा


**कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. लाल किला 2. कुतुबमीनार

3. जंतर-मंतर

**कृ.5. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. लाल किला 2. कुतुबमीनार

3. गांधीसमाधि

**कृ.6. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. एक सामान्य आदमी अपनी औरत के साथ दौड़ा-दौड़ा यहाँ पर आया। [ ]
2. लेखक चाहकर भी यहाँ नहीं जा पा रहा था। [ ]
3. यह बीसियों बार दिल्ली गया, लेकिन इसने न कुतुबमीनार देखा न लाल किला। [ ]
4. इस जगह का छोला-भटूरा दुनियाभर में मशहूर है। [ ]

**उत्तर:** 1. प्लेटफार्म 2. दिल्ली

3. किसनलाल 4. पहाड़गंज

**कृ.7. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. वहाँ जो गाड़ी ________ थी उसकी ओर लपका।

(खड़ी, रुकी, थमी)

2. इतना कह ________ चल पड़ी।

(ट्रेन, रेलगाड़ी, राजधानी)

3. पड़ोसी मेरी बात सुनकर ________।

(हँसा, दुखी हुआ, रोया)

4. छोले-भटूरे के लिए नहीं लाल किला, ________ के लिए।

(जंतर-मंतर, गांधी समाधि, कुतुबमीनार)

**उत्तर:** 1. खड़ी 2. राजधानी
3. हँसा 4. कुतुबमीनार

**कृ.8. असंगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. वे जनता / गरीबों की थीं, जनता के लिए थीं।
2. अभी ताजा / हाल ही की बात है।
3. सामान्य आदमी उसकी ओर ताकता / देखता रह गया।
4. खास / विशेष तौर पर गांधीसमाधि के दर्शनों के लिए।

**उत्तर:** 1. गरीबों 2. ताजा
3. ताकता 4. विशेष

**कृ.7. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. वहाँ जो गाड़ी _______ थी उसकी ओर लपका।

(खड़ी, रुकी, थमी)

2. इतना कह _______ चल पड़ी।

(ट्रेन, रेलगाड़ी, राजधानी)

3. पड़ोसी मेरी बात सुनकर _______।

(हँसा, दुखी हुआ, रोया)

4. छोले-भटूरे के लिए नहीं लाल किला, _______ के लिए।

(जंतर-मंतर, गांधी समाधि, कुतुबमीनार)

**उत्तर:** 1. खड़ी 2. राजधानी

3. हँसा 4. कुतुबमीनार

**कृ.8. असंगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. वे जनता / गरीबों की थीं, जनता के लिए थीं।
2. अभी ताजा / हाल ही की बात है।
3. सामान्य आदमी उसकी ओर ताकता / देखता रह गया।
4. खास / विशेष तौर पर गांधीसमाधि के दर्शनों के लिए।

**उत्तर:** 1. गरीबों 2. ताजा

3. ताकता 4. विशेष

**कृ.10.सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1. **मेरा पड़ोसी किसनलाल करीब-करीब**
   - हर माह दिल्ली जाता है।
   - हर साल दिल्ली जाता है।
   - हर हफ्ते दिल्ली जाता है।

2. **अपने व्यापारी कामकाज के पीछे इन व्यर्थ की बातों में**
   - कौन पड़े!
   - कौन समय बरबाद करे!
   - कौन दिमाग लगाए!

3. **जहाँ का छोला-भटूरा दिल्ली में ही नहीं**
   - विदेशों में भी मशहूर है।
   - दुनियाभर में मशहूर है।
   - भारतभर में मशहूर है।

4. **छोले-भटूरे के लिए नहीं लाल किला,**
   - कुतुबमीनार के लिए।
   - जंतर-मंतर के लिए।
   - गाँधीसमाधि के लिए।

**उत्तर:**
1. मेरा पड़ोसी किसनलाल करीब-करीब **हर माह दिल्ली जाता है।**
2. अपने व्यापारी कामकाज के पीछे इन व्यर्थ की बातों में **कौन समय बरबाद करे!**
3. जहाँ का छोला-भटूरा दिल्ली में ही नहीं **दुनियाभर में मशहूर है।**
4. छोले-भटूरे के लिए नहीं लाल किला, **कुतुबमीनार के लिए।**

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जन्म | 2. | माह |
| 3. | विनोद | 4. | विख्यात |

**उत्तर:** 1. पैदा 2. महीना

3. मजाक 4. मशहूर

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. सार्थक 2. जवाब

**उत्तर:** 1. व्यर्थ 2. सवाल

**कृ.3. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए:**

1. जो गाड़ी खड़ी थी उसकी ओर लपका।
2. हर माह तुम इन्हें देखने दिल्ली जाते हो।

**उत्तर:** 1. जो **गाड़ियाँ** खड़ी थीं उनकी ओर लपका।

2. हर माह तुम **इसे** देखने दिल्ली जाते हो।

**कृ.4. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए:**

1. उसकी ओर देखता रह गया।
2. और फिर कुछ रुककर बोला।

**उत्तर:** 1. उसकी ओर देखती रह गई।

2. और फिर कुछ रुककर बोली।

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स | जी | र | गां | गा | धि | मा | धी |
| 2. | मी | र | ज | कु | ना | तु | र | ब |

**उत्तर:** 1. गांधीसमाधि 2. कुतुबमीनार

**कृ.6. परिच्छेद में आए अंग्रेजी भाषा के शब्द खोजकर लिखिए:**

**उत्तर:** 1. सुपर 2. डीलक्स

3. प्लेटफार्म

**कृ.7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. मैं सामान्य आदमी का इसलिए नहीं हूँ की मेरा नाम राजधानी है।
2. दिल्ली लाल किला, कुतुबमीनार का नहीं रह गई।

**उत्तर:** 1. मैं सामान्य आदमी **की** इसलिए नहीं हूँ **कि** मेरा नाम राजधानी है।

2. दिल्ली लाल किला, कुतुबमीनार **की** नहीं रह गई।

**कृ.8. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुन: लिखिए:**

1. और फिर कुछ रुककर बोला आओ कभी मेरे साथ दिल्ली छोले भटूरे के लिए
2. क्यों क्यों नहीं हो तुम सामान्य आदमी की

**उत्तर:** 1. और फिर कुछ रुककर बोला, "आओ, कभी मेरे साथ दिल्ली छोले-भटूरे के लिए।"

2. "क्यों, क्यों नहीं हो तुम सामान्य आदमी की?"

**कृ.9. निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. समय 2. हाल

**उत्तर:** 1. अ + समय = असमय

2. बे + हाल = बेहाल

**कृ.10. निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. आदमी 2. सामान्य

**उत्तर:** 1. आदमी + इयत = आदमियत

2. सामान्य + तया = सामान्यतया

**कृ.11. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:**

1. सामान्य आदमी उसकी ओर देखता रह गया।
2. तुम्हें लाल किला, कुतुबमीनार और जंतर-मंतर इतने प्यारे हैं।

**उत्तर:** 1. उसकी ओर – संबंधसूचक अव्यय

2. और – समुच्चयबोधक अव्यय

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्य में से संज्ञाएँ, सर्वनाम, विशेषण तथा क्रियाएँ छाँटकर लिखिए:**

1. तब रेलगाड़ियाँ भी सुपर, डीलक्स या राजधानी जाति की पैदा नहीं हुई थीं।

**उत्तर:**

| **संज्ञा** | **क्रिया** | **विशेषण** |
|---|---|---|
| रेलगाड़ियाँ, जाति | पैदा नहीं हुई | सुपर, डीलक्स, राजधानी |

**कृ.13.निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

मैंने यह सुन सोचा आज के विकास में दिल्ली लाल किला, कुतुबमीनार की नहीं रह गई है वह छोले-भटूरे की बन गई है।

**उत्तर:** विकास, दिल्ली, लाल किला, कुतुबमीनार, छोले-भटूरे

**कृ.14.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. मैं चाहकर भी दिल्ली नहीं जा पाया था।

2. मैं बीसियों बार दिल्ली गया हूँ।

**उत्तर:** 1. पूर्ण भूतकाल 2. पूर्ण वर्तमानकाल

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**कृ.1. किसनलाल ने दिल्ली यात्रा के बारे में लेखक से क्या कहा?**

**उत्तर:** किसनलाल ने दिल्ली यात्रा के बारे में लेखक से कहा कि वह बीसियों बार दिल्ली गया है, पर आज तक न उसने कुतुबमीनार देखा है और न ही लाल किला। उसके मुताबिक व्यावसायिक कामकाज में इन बातों से समय नष्ट होता है। किसनलाल लेखक से कहता है कि, वह दिल्ली जाता है, तो केवल पहाड़गंज में जाकर छोले-भटूरे खाने के लिए हजार काम छोड़कर समय निकालता है, क्योंकि वहाँ के छोले-भटूरे केवल दिल्ली में ही नहीं बल्कि दुनियाभर में मशहूर हैं। किसनलाल के अनुसार गांधी जी की समाधि के दर्शन करना ऊँचे दर्जे की बात है, लेकिन सिर्फ यही प्रयोजन लेकर कोई दिल्ली नहीं जाता। हाँ, दिल्ली जाने का उद्देश्य सूट का कपड़ा खरीदना होना चाहिए, इसी दौरान गांधी समाधि के दर्शन भी किए जा सकते हैं।

स्वमत अभिव्यक्ति

कृ.1. चार प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थानों के नाम लिखिए।

1. ______ 2. ______
3. ______ 4. ______

उत्तर: 1. आगरा (उत्तर प्रदेश)

2. सिंधुदुर्ग (महाराष्ट्र)

3. कोणार्क (उड़ीसा)

4. काशी (उत्तर प्रदेश)

## परिच्छेद 3


**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 20, 21 पर दी गई पंक्तियाँ (39 से 56 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**|गांधी जी ......................**

**.............................. खड़े होते हैं।|**

आकलन कृतियाँ


**कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:**




उत्तर: 1. समाचारपत्रों


2. दूरदर्शन के समाचार बुलेटिनों

**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करना।

**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




उत्तर: 1. आरक्षण खिड़की पर लंबी कतार थी।

2. कतार शेड के बाहर चली गई थी।

3. कतार गरीब की आमदनी की तरह धीमे-धीमे सरक रही थी।

**क्र.4. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. लेखक ने अपना विचार इनको सुनाया
2. मई महीने का सूरज नौ बजे ही उँड़ेल रहा था
3. क्यू में लेखक इसकी चाल से चल रहा था
4. रेलगाड़ी दिल्ली इतने घंटे में पहुँचती है

**उत्तर:** 1. पड़ोसी किसनलाल 2. आग
3. चींटी 4. अठारह

**क्र.5. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. दिल्ली में जब भी _______ विदेशी मेहमान आते हैं।
(बड़े, महान, ऊँचे)
2. तब भी कोई _______ गांधी जी के लिए नहीं जाता।
(भारत, दिल्ली, मुंबई)
3. सो मेरे _______ पर सूरज था।
(पीछे, आगे, सिर)
4. मैं भी आरक्षण खिड़की तक _______ घंटे में ही पहुँचूँ।
(अठारह, दस, बारह)

**उत्तर:** 1. ऊँचे 2. दिल्ली
3. सिर 4. अठारह

**कृ.6. संगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. आज के किसी कड़वे यथार्थ पर तीखा / सीधा प्रकाश डाल रहा है।
2. मैं दिल्लीयात्रा के आरक्षण के लिए स्टेशन / बस अड्डे गया।

**उत्तर:** 1. तीखा 2. स्टेशन

**कृ.7. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. ऊँचे विदेशी मेहमान दिल्ली आने पर गांधी जी की समाधि पर श्रद्धांजली अर्पित करने राजघाट अवश्य जाते हैं। [ ]
2. लेखक को लगा उसका पड़ोसी गलत कह रहा है। [ ]
3. लेखक के सिर पर सूरज था। [ ]
4. कतार तेजी से आगे बढ़ रही थी, राजधानी की तरह। [ ]

**उत्तर:** 1. सत्य 2. असत्य
3. सत्य 4. असत्य

**कृ.8. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "अरे! कोई भी दिल्ली गांधीसमाधि के लिए जाता है क्या!"
2. "क्या यह गलत है?"

**उत्तर:** 1. यह वाक्य पड़ोसी किसनलाल ने लेखक से कहा।
2. यह वाक्य लेखक ने पड़ोसी किसनलाल से कहा।

**कृ.9. निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. मैंने अपना यह विचार पड़ोसी किसनलाल को कह सुनाया तो वह हँसा।
2. मुझे लगा, मेरा पड़ोसी ठीक कह रहा है।
3. "बल्कि बहुत ऊँची बात है।"
4. एक घंटे की यात्रा के लिए दस-दस घंटे आरक्षण की कतार में खड़े होते हैं।

**उत्तर:** 1. मैंने अपना यह विचार पड़ोसी किसनलाल को कह सुनाया तो वह हँसा।

2. "बल्कि बहुत ऊँची बात है।"
3. मुझे लगा, मेरा पड़ोसी ठीक कह रहा है।
4. एक घंटे की यात्रा के लिए दस-दस घंटे आरक्षण की कतार में खड़े होते हैं।

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | इच्छा | 2. | मकसद |
| 3. | कमाई | 4. | वास्तव |

उत्तर: 1. लालसा 2. उद्देश्य

3. आमदनी 4. यथार्थ

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | देशी | 2. | मीठा |
| 3. | सत्य | 4. | अंधकार |

उत्तर: 1. विदेशी 2. कड़वा

3. असत्य 4. प्रकाश

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

1. कतार 2. खिड़कियाँ

उत्तर: 1. कतारें 2. खिड़की

**कृ.4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए:**

1. पड़ोसी 2. चींटी

उत्तर: 1. पड़ोसन 2. चींटा

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | र | व | आ | ल | ण | क्ष | श |
| 2. | क | आ | द | व | म | क | नी |

उत्तर: 1. आरक्षण 2. आमदनी

**कृ.6. शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. श्रद्धांजली, श्रंद्धांजलि, श्रद्धांजली, श्रधांजली

2. आमदनी, आदमनी, अमदनी, अमदनि

**उत्तर:** 1. श्रद्धांजली 2. आमदनी

**क्र.7. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. लालसा जागना 2. आग उँड़ेलना
3. प्रकाश डालना

**उत्तर:** 1. **लालसा जागना** – इच्छा होना।

**वाक्य:** अपने दोस्तों को वड़ा पाव खाते देख राज के मन में भी वड़ा पाव खाने की **लालसा जागी**, लेकिन उसके पास पैसे नहीं थे।

2. **प्रकाश डालना** – किसी चीज की जानकारी देना।

**वाक्य:** मैं जब कभी व्याकरण के किसी प्रश्न में फँस जाता हूँ, तो चौधरी सर उसपर **प्रकाश डालते हैं**।

3. **आग उँड़ेलना** – बहुत गर्मी देना।

**वाक्य:** रेगिस्तान में सूरज ऐसे तपता है जैसे **आग उँड़ेल** रहा हो।

**कृ.8. कोष्ठक में दिए विरामचिह्नों का उचित प्रयोग करके वाक्य पुन: लिखिए:**

| ? | , | ‘ | ’ | । | ! | – |
|---|---|---|---|---|---|---|

1. मुझे लगा मेरा पड़ोसी ठीक कह रहा है
2. क्या यह गलत है मैं कह उठा

**उत्तर:** 1. मुझे लगा, मेरा पड़ोसी ठीक कह रहा है।

2. "क्या यह गलत है?" मैं कह उठा।

**कृ.9. निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. विचार 2. चाल

**उत्तर:** 1. सु + विचार = सुविचार

2. कु + चाल = कुचाल

**कृ.10. निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. विदेश 2. गरीब

**उत्तर:** 1. विदेश + ई = विदेशी

2. गरीब + ई = गरीबी

**कृ.11. निम्नलिखित अव्यय शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. और 2. के लिए

**उत्तर:** 1. राम **और** श्याम एक साथ स्कूल जाते हैं।

2. मैं अपनी माँ के लिए कक्षा में प्रथम जरूर आऊँगा।

## कृ.12.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ व सर्वनाम खोजकर लिखिए:

1. मैने अपना यह विचार पड़ोसी किसनलाल को कह सुनाया।
2. मैं दिल्लीयात्रा के आरक्षण के लिए स्टेशन गया।

**उत्तर:**

| | संज्ञा | सर्वनाम |
|---|---|---|
| 1. | विचार, पड़ोसी, किसनलाल | मैंने |
| 2. | दिल्लीयात्रा, आरक्षण, स्टेशन | मैं |

## कृ.13.निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त क्रियाएँ खोजकर लिखिए:

1. आओ, कभी मेरे साथ दिल्ली छोले-भटूरे के लिए।

**उत्तर:** आओ (आना)

## कृ.14.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:

1. तब भी कोई दिल्ली गांधी जी के लिए नहीं जाता।
2. जिसपर मैं चींटी की चाल चल रहा हूँ।

**उत्तर:** 1. सामान्य वर्तमानकाल 2. अपूर्ण वर्तमानकाल

**क्र.15. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. आरक्षण खिड़की 2. दस-दस घंटे

**उत्तर:** 1. मैं आज ही जाकर **आरक्षण खिड़की** से दिल्ली जाने का टिकट आरक्षित करवाऊँगा।

2. महाशिवरात्रि पर्व पर प्रभु शिव के दर्शन के लिए लोग **दस-दस घंटे** तक कतार में खड़े थे।

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**क्र.1. लेखक के पड़ोसी ने लेखक को क्या सलाह दी?**

**उत्तर:** लेखक शंकर जी के पड़ोसी किसनलाल ने लेखक को सलाह दी कि उन्हें दिल्ली अवश्य जाना चाहिए, लेकिन उनके दिल्ली जाने का उद्देश्य कुछ अलग होना चाहिए। किसनलाल ने ऐसा सुझाव लेखक को इसलिए दिया क्योंकि लेखक सिर्फ गांधीसमाधि पर गांधी जी को श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए दिल्ली जाना चाहते थे। किसनलाल के अनुसार यह बात सुनकर लोग लेखक की हँसी उड़ाते, इसलिए उसने लेखक को सूट का कपड़ा खरीदने के बहाने दिल्ली जाने का सुझाव दिया। इस बहाने लेखक अपने मन की इच्छा भी पूरी कर सकते थे।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

**क्र.1. यदि आपको मौका मिले तो आप कहाँ जाना पसंद करेंगे और क्यों, स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर:** यदि मुझे लंबी छुट्टी में यात्रा का मौका मिला तो मैं बिहार जाना पसंद करूँगा। बिहार में बोधगया स्थित बुद्ध

मंदिर व प्रतिमा को देखने की मेरी बड़ी लालसा है। मैं अपने परिवार के सदस्यों व स्कूल में टीचरों से जब भी भगवान बुद्ध से जुड़ी कोई कथा व उनके समाजहित के कार्यों के बारे में सुनता हूँ, तो मैं रोमांचित हो जाता हूँ। उनकी चमत्कारिक कथाएँ, उनके संदेश जो उन्होंने मानवजाति को दिए, उनके जीव प्रेम की कथाएँ सुनकर मेरे मन, में श्रद्धा बढ़ जाती है।

भगवान बुद्ध ने इस पृथ्वी पर चारों ओर भ्रमण कर 'विश्व मैत्री' की भावना को भी बढ़ावा दिया। आज सिर्फ भारत ही नहीं विश्व के कई देशों में बौद्ध धर्म के अनुयायी उनकी पूजा अर्चना करते हैं और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हैं।

## परिच्छेद 4

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 21 पर दी गई पंक्तियाँ (57 से 72 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**|मुझे खिड़की ......................**

**.............................. पर आऊँ।|**

आकलन कृतियाँ


**कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:**

| आरक्षण खिड़की में हाथ डालने पर लेखक को यह सुनने को मिला | |
|---|---|
| ① | ② |

**उत्तर:** 1. "मिस्टर कल आइए।"

2. "आज अब समय समाप्त हो गया है।"

**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. कुछ लोग अपना नंबर लगाए जमे थे।

2. वे लोग बिस्तर सहित आए थे और रात वहीं गुजारी थी।


**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. जैसे लड़ाई जीत ली हो।

2. दिल्ली फतह कर ली हो।

**कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** गांधीसमाधि

**कृ.5. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. लेखक को खिड़की पर पहुँचने में इतने घंटे लगे
2. लेखक को दूसरे दिन इतने घंटे की कवायत करनी पड़ी
3. लेखक श्रीमती के साथ इतने घंटे पहले स्टेशन पहुँच गया
4. लेखक के साथ उसकी पत्नी इस तरह थी

**उत्तर:** 1. दस　　2. चार
3. एक　　4. सेंसर

**कृ.6. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. सुबह नौ को आया था, शाम को _______ बजे पहुँचा।
(सात, नौ, दस)

2. बड़ा _______ किया आपने मुझपर।
(एहसान, उपकार, मेहरबानी)

3. दूसरे दिन मुझे _______ मिल गया।
(टिकट, पास, आरक्षण)

4. इस तीर्थयात्रा का _______ मैं अकेला नहीं लूटने वाला था।
(पुण्य, लाभ, खुशी)

**उत्तर:** 1. सात　　2. उपकार
3. आरक्षण　　4. पुण्य

**कृ.7. असंगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. मेरे पूरे बदन में पैर से लेकर सिर तक बिजली / सिहरन दौड़ गई।
2. मेरी तीर्थयात्रा / यात्रा जो आज आरंभ होनी थी।

**उत्तर:** 1. बिजली 2. यात्रा

**कृ.8. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. दूसरे दिन चार घंटे की कवायत के बाद लेखक को आरक्षण मिला। ☐
2. लेखक कुतुबमीनार देखने दिल्ली जा रहा था। ☐
3. लेखक दो घंटे पहले स्टेशन पहुँच गया। ☐
4. लेखक ने अपनी पत्नी के साथ इस तीर्थयात्रा के पुण्य का लाभ उठाया। ☐

**उत्तर:** 1. सत्य 2. असत्य

3. असत्य 4. सत्य

**कृ.9. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "देखिए, मैं सुबह से खड़ा हूँ।"
2. "बड़ा उपकार किया आपने मुझपर।"

**उत्तर:** 1. यह वाक्य लेखक ने खिड़की वाले से कहा।

2. यह वाक्य खिड़की वाले ने लेखक से कहा।

**कृ.10. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1.

**इतना कह खिड़की वाले ने**
- मेरा हाथ बाहर धकेला।
- मुझे धकेला।
- मुझे गाली दी।

2.

**श्रीमती भी इस नेक काम में**
- मेरे पास थी।
- मेरे साथ थी।
- मेरे करीब थी।

**उत्तर:** 1. इतना कह खिड़की वाले ने **मेरा हाथ बाहर धकेला।**

2. श्रीमती भी इस नेक काम में **मेरे साथ थी।**

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. भीतर 2. खत्म
3. शरीर 4. रोज

**उत्तर:** 1. अंदर 2. समाप्त
3. बदन 4. नित्य

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. आरंभ 2. पश्चात
3. शिकस्त 4. पाप

**उत्तर:** 1. समाप्त 2. पूर्व
3. फतह 4. पुण्य

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

1. पैसा 2. खिड़की
3. लड़ाई 4. घंटा

**उत्तर:** 1. पैसे 2. खिड़कियाँ
3. लड़ाइयाँ 4. घंटे

**कृ.4. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. चार घंटे का कवायत इस दिन भी करनी पड़ी।
2. खैर, वह एक अलग विषय है वार्ता की।

**उत्तर:** 1. चार घंटे **की** कवायत इस दिन भी करनी पड़ी।
2. खैर, वह एक अलग विषय है वार्ता **का**।

**कृ.5. शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. श्रीमति, श्रीमती, श्रिमती, श्रीमती
2. पुण्य, पुन्य, पूण्य, पून्य

**उत्तर:** 1. श्रीमती 2. पुण्य

**कृ.6. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुनः लिखिए:**

1. सो श्रीमती भी इस नेक काम में मेरे साथ थी
2. मैं अपने मूल विषय पर आऊँ

**उत्तर:** 1. सो, श्रीमती भी इस नेक काम में मेरे साथ थी।

2. मैं अपने मूल विषय पर आऊँ।

**कृ.7. निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. उपकार 2. आरंभ

**उत्तर:** 1. उपकार + ई = उपकारी

2. आरंभ + इक = आरंभिक

**कृ.8. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:**

1. सही कहा जाए तो वह एक सेन्सर की तरह मेरे साथ थी।
2. श्रीमती भी इस नेक काम में मेरे साथ थी।

**उत्तर:** 1. तो – समुच्चयबोधक अव्यय,

की तरह, साथ – संबंधसूचक अव्यय

**कृ.9. निम्नलिखित वाक्य में से संज्ञाएँ तथा क्रियाएँ छाँटकर लिखिए:**

1. खिड़की में पैसों के साथ हाथ डाला तो लगा आखिर मंजिल तक आ गया। तभी अंदर से सुनने को मिला, मिस्टर कल आइए।

**उत्तर:**

| संज्ञा | क्रिया |
|---|---|
| खिड़की, पैसों, हाथ, मंजिल, मिस्टर, कल | डाला (डालना), आ गया, सुनने (सुनना), आइए (आना) |

**कृ.10. कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन करके वाक्य पुन: लिखिए:**

1. दूसरे दिन मुझे आरक्षण मिल गया। (पूर्ण भूतकाल)
2. मैं अपने मूल विषय पर आऊँ। (सामान्य भविष्यकाल)

**उत्तर:** 1. दूसरे दिन मुझे आरक्षण मिल गया था।
2. मैं अपने मूल विषय पर आऊँगा।

## पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी

**कृ.1. लेखक को आरक्षण का क्या अनुभव आया?**

**उत्तर:** लेखक आरक्षण के दौरान जब टिकट लेने गया, तो उसने देखा कि आरक्षण खिड़की पर एक लंबी कतार थी, जो

शेड के बाहर चली गई थी। मई महीने के दिन थे, इसलिए सूरज सीधे उसके सिर पर आ रहा था। लेखक टिकट के लिए लंबी लाइन में तकरीबन दस घंटे खड़ा रहा। शाम सात बजे लेखक ने पैसों के साथ जैसे ही खिड़की में हाथ डाला वैसे ही सुनने में आया-कल आइए। आज अब समय समाप्त हो गया है। दूसरे दिन सुबह पाँच बजे जाने के बावजूद चार घंटे के बाद टिकट हाथ में आता है। इस कटु अनुभव से यह पता चलता है कि टिकट लेना बड़ी ही मशक्कत का काम है।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

कृ.1. **टिकट आरक्षण में होनेवाली परेशानियों के संदर्भ में अपने विचार लिखिए:**

**उत्तर:** लंबी दूरी की ट्रेनों में आरक्षित टिकट प्राप्त करने के लिए यात्रियों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन रोजाना नए-नए कानून बनाकर टिकट दलालों पर काबू पाने की कोशिश तो कर रही है, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात। टिकट आरक्षित कराने के लिए यात्री घंटों तक कतार में खड़े रहते हैं, लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगता। मजबूरन यात्रियों को टिकट दलालों की मदद लेनी पड़ती है। इसके एवज में टिकट का कई गुना अधिक दाम यात्रियों को चुकाना पड़ता है। प्रशासन को यात्रियों की सुविधा व दलालों की नकेल कसने के लिए नए व कठोर कानून लागू करने चाहिए। इससे यात्रियों का पैसा भी बचेगा और प्रशासन को भी फायदा होगी।

## परिच्छेद 5

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 21, 22 पर दी गई पंक्तियाँ (73 से 89 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[सौभाग्य की बात .....................**

**............................ गांधीसमाधि को!]**

## आकलन कृतियाँ

### कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:

रेलवे की घोषणा सुनने के बाद मुसाफिर ने लेखक से यह कहा

(1) (2) (3) (4)

उत्तर: 1. गाड़ी कम-से-कम एक घंटा विलंब से आएगी।
2. वह दो घंटे लेट हो सकती है।
3. वह तीन घंटे भी लेट हो सकती है।
4. यह रेलवे की घोषणा है, यह नहीं भूलना चाहिए।

### कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:

प्लेटफॉर्म पर ऊँची-ऊँची चीजों के लगे थे

उत्तर: ऊँचे-ऊँचे आकर्षक विज्ञापन

### कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:

लेखक को पोस्टर देखकर यह आवाज सुनाई देती है

उत्तर: जेबकतरों से सावधान!


### कृ.4. तुलना कीजिए:

| | जेबकतरा | | जेबखतरा |
|---|---|---|---|
| 1. | ______ | 1. | ______ |
| 2. | ______ | 2. | ______ |

उत्तर:

| | जेबकतरा | | जेबखतरा |
|---|---|---|---|
| 1. | जेबकतरा चोरी से जेब पर हमला बोलता है। | 1. | जेबखतरा यानी पोस्टर ऐलानिया ज़ेब पर टूट पड़ते हैं। |
| 2. | जेबकतरों से सावधान रहा जा सकता है। | 2. | जेबखतरों से सावधान नहीं रहा जा सकता। |

**कृ.5. आकृति पूर्ण कीजिए:**




उत्तर: 1. चलो अब पहुँच गए हम दिल्ली।

2. पहुँच गए हम गांधीसमाधि को!

**कृ.6. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. मुसाफिर लेखक की बगल में इस पर बैठा था ☐
2. गाड़ी इतने घंटे लेट आई ☐
3. आकर्षक पोस्टर हमारे इसके लिए खतरा हैं ☐
4. इनसे सावधान नहीं रहा जा सकता ☐

उत्तर: 1. बेंच 2. चार

3. जेब 4. जेबखतरों

**कृ.7. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. यह _______ की घोषणा है यह मत भूलो।

(सरकारी, पुलिस, रेलवे)

2. मैं जब ऊँची-ऊँची चीजों के ______ आकर्षक पोस्टर देखता हूँ।

(ऊँची-ऊँची, ऊँचे-ऊँचे, बड़े-बड़े)

3. तो मुझे उनमें से ______ सुनाई देती है।

(चीख, पुकार, आवाज)

4. हम दोनों जब ______ से बैठ गए।

(मुश्किल, आसानी, आराम)

**उत्तर:** 1. रेलवे 2. ऊँचे-ऊँचे

3. आवाज 4. आराम

**क्र.8. संगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. सचमुच गाड़ी विलंब / समय से आई।
2. टिकट खिड़की पर लिखा / अंकित होता है।
3. एक-एक आकर्षक पोस्टर / विज्ञापन हमारी जेब को खतरा है।
4. पोस्टर तो ऐलानिया / खुलेआम जेब पर टूट पड़ते हैं।

**उत्तर:** 1. विलंब 2. लिखा

3. पोस्टर 4. ऐलानिया

**कृ.9. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. ट्रेन में लेखक के बगल में बैठे मुसाफिर ने कहा ट्रेन विलंब से आएगी। ☐
2. ट्रेन पूरे सात घंटे लेट थी। ☐
3. पोस्टर में लेखक को एक भयावह चेहरा दिखता है। ☐
4. लेखक अपनी पत्नी के साथ अपनी बर्थ पर बैठा। ☐

**उत्तर:** 1. असत्य 2. असत्य
3. असत्य 4. सत्य

**कृ.10.निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "यह रेलवे की घोषणा है यह मत भूलो।"
2. "पहुँच गए हम गांधीसमाधि को!"

**उत्तर:** 1. यह वाक्य एक मुसाफिर ने लेखक से कहा।
2. यह वाक्य लेखक ने अपनी श्रीमती से कहा।

**कृ.11.सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1. **सौभाग्य की बात कि**
   - गाड़ी समय पर थी।
   - गाड़ी आ गई थी।
   - गाड़ी आ रही थी

2. **गाड़ी कम-से-कम**
   - एक घंटा लेट है।
   - चार घंटे लेट है।
   - दो घंटे लेट है।

3.

यानी एक-एक आकर्षक पोस्टर हमारी
- पैसे को खतरा है।
- जेब को खतरा है।
- जान को खतरा है।

4.

जेबकतरा चोरी से जेब पर
- घात बोलता है।
- धावा बोलता है।
- हमला बोलता है।

**उत्तर:** 1. सौभाग्य की बात कि **गाड़ी समय पर थी।**

2. गाड़ी कम-से-कम **एक घंटा लेट है।**

3. यानी एक-एक आकर्षक पोस्टर हमारी **जेब को खतरा है।**

4. जेबकतरा चोरी से जेब पर **हमला बोलता है।**

**व्याकरण कृतियाँ**

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. ऐलान  2. यात्री
3. देरी  4. लुभावना

**उत्तर:** 1. घोषणा  2. मुसाफिर
3. विलंब  4. आकर्षक

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्‌धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. दुर्भाग्य 2. मुश्किल

**उत्तर:** 1. सौभाग्य 2. आराम

**कृ.3. रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए:**

1. ऐसी ही <u>घोषणा</u> की जा रही थी।
2. और सचमुच <u>गाड़ी</u> विलंब से आई।

**उत्तर:** 1. ऐसी ही **घोषणाएँ** की जा रही थीं।

2. और सचमुच **गाड़ियाँ** विलंब से आईं।

**कृ.4. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | द | व | मु | र | वा | फि |

2.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | रा | जे | त | ज | ब | क |

**उत्तर:** 1. मुसाफिर 2. जेबकतरा

**कृ.5. शुद्‌ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

1. आकर्शक, आकर्सक, आकर्षक, आर्कशक
2. श्रीमति, श्रिमती, श्रीमती, श्रिमति

**उत्तर:** 1. आकर्षक 2. श्रीमती

**कृ.6. परिच्छेद में आए अंग्रेजी शब्द खोजकर लिखिए:**

**उत्तर:** प्लेटफॉर्म, पोस्टर, बर्थ, कोच

**क्र.7. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. दम तोड़ना 2. टूट पड़ना

**उत्तर:** 1. **दम तोड़ना** – मर जाना।

**वाक्य:**लंबी बीमारी के बाद आखिरकार श्याम की माता ने अस्पताल में **दम तोड़ दिया**।

2. **टूट पड़ना** – आक्रमण करना।

**वाक्य:**भारतीय जवान दुश्मन की फौज पर मौत बनकर **टूट पड़े**।

**क्र.8. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुनः लिखिए:**

1. यानी एक-एक आकर्षक पोस्टर हमारी जेब को खतरा है
2. जेबकतरों से सावधान रहा जा सकता है इन जेबखतरों से नहीं

**उत्तर:** 1. यानी एक-एक आकर्षक पोस्टर हमारी जेब को खतरा है।

2. जेबकतरों से सावधान रहा जा सकता है, इन जेबखतरों से नहीं।

**क्र.9. निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय अलग करके लिखिए:**

1. सचाई 2. ऐलानिया

**उत्तर:** 1. सच्चा + ई 2. ऐलान + इया

प्रत्यय – ई प्रत्यय – इया

**क्र.10.निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के भेद लिखिए:**

1. एक मुसाफिर बोला, यानी गाड़ी कम-से-कम एक घंटा लेट है।
2. सचमुच गाड़ी विलंब से आई।

**उत्तर:** 1. यानी – समुच्चयबोधक अव्यय

2. विलंब – क्रियाविशेषण अव्यय

**क्र.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम खोजकर लिखिए:**

1. घोषणा सुन नहीं रहे हो क्या तुम?
2. तो मुझे उनमें से आवाज सुनाई देती है।

**उत्तर:** 1. तुम 2. मुझे, उनमें

**क्र.12.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. ऊँचे-ऊँचे आकर्षक विज्ञापन लगे हुए थे।
2. दी गई बर्थ पर लेखक बैठ गया।

**उत्तर:** 1. पूर्ण भूतकाल 2. सामान्य भूतकाल

**क्र.13.निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. कम-से-कम 2. ऊँची-ऊँची

**उत्तर:** 1. राजेश ने **कम-से-कम** पैसों में अपनी पढ़ाई पूरी कर ली।

2. **ऊँची-ऊँची** गगनचुंबी इमारतें देखकर मैं बहुत प्रसन्न होता हूँ।

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**कृ.1. रेलसफर में लेखक को कौन-सी अनुभूति हुई?**

**उत्तर:** जब यात्रा की तैयारी के साथ लेखक स्टेशन पर पहुँचा, तो उसे प्लेटफार्म पर घोषणा सुनकर पता चला कि दिल्ली जाने वाली उसकी गाड़ी समय पर है, लेकिन गाड़ी चार घंटे लेट आई। तकरीबन चार घंटे देरी से आई दिल्ली जाने वाली गाड़ी के इंतजार में लेखक को प्लेटफार्म पर कई तरह के अनुभव हुए। उसने वहाँ प्लेटफार्म पर कई विज्ञापनों और पोस्टरों को देखा। लेखक उनके होने के बावजूद बोर हो जाता है। वह व्यंग्य करता है कि एक-एक आकर्षक पोस्टर हमारी जेब के लिए खतरा है। आखिरकार इस तरह घंटों इंतजार के बाद जब वह रेल में सफर के लिए पत्नी के साथ अंदर बैठा तो उसे अनुभूति हुई कि अब वह दिल्ली पहुँच गया।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

## क्र.1. रेलवे स्टेशन पर एक घंटा

उत्तर: मेरी मौसी को पंजाब मेल से मुंबई जाना था, गाड़ी देर रात भुसावल स्टेशन से साढ़े ग्यारह बजे की थी। मैं व पापा, मौसी और मौसा जी को छोड़ने के लिए उनके साथ में रात दस बजे ही स्टेशन पर पहुँच गए थे। गाड़ी आने में अभी एक घंटे की देरी थी। प्लेटफॉर्म पर यात्रियों सहित रेलवे स्टाफ, कुली, सामान उठाने-रखने वाले कर्मचारियों की भी भीड़ थी। बीच-बीच में जीआरपी यानी कि जनरल रेलवे पुलिस के जवान व टीसी भी प्लेटफॉर्म पर घूम-घूमकर ड्यूटी भी कर रहे थे। तभी मैंने देखा कि हमारे ही सामने एक ट्रेन आकर रुकी थी, जैसे ही वह ट्रेन आई, रेलवे कर्मचारी पानी से भरी पाइप लेकर शौचालय में उसे धोने के लिए पहुँचे। इस दृश्य को देखना एकदम ही नया था। प्लेटफार्म पर हो रही विभिन्न हलचलों को देखते-देखते एक घंटा कब बीत गया, पता ही नहीं चला। मौसी और मौसा जी की ट्रेन भी आ गई थी। उनके ट्रेन में बैठने के बाद ट्रेन कुछ देर रुककर धीरे-धीरे सरकने लगी। हम लोग भी घर लौट आए।